प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक:- 16.04.2023

दिनांक 17.04.2023 को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनआक्रोश महाघेराव के दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए आमजन के वाहनों की यातायात व्यवस्था निम्न रहेगी।

1. जनआक्रोश महाघेराव के दौरान जालोरी गेट, नई सड़क से पावटा की तरफ जाने वाले वाहन कालटैक्स मोड़, नैनी बाई मन्दिर मोड़, मिर्धा सर्किल होते हुए पावटा मण्डोर की तरफ जा सकेगे।
2. जनआक्रोश महाघेराव के दौरान सिटीबसों का आवगमन कलेक्ट्रैट घुमटी की तरफ निषेध रहेगा । सिटी बसों का डाईवर्सन पॉचवी रोड से रेजीडेन्सी रोड, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, पॉचबती चौराहा, सर्किट हाउस, पावटा चौराहा, होते हुए मण्डोर की तरफ की तरफ जा सकेगी। इसी तरह पावटा से नई सड़क, रेल्वे स्टेशन व 12 रोड़ की तरफ जाने वाली सिटीबसें पावटा से सर्किट हाउस, पांचबत्ती, रिक्तिया भैरूजी से 12 वी रोड़ की तरफ जा सकेगी।
3. जनआक्रोश महाघेराव में आने वाले वाहनों का **पार्किगं स्थल** निम्न रहेगा।
    1. नागौर रोड़ से आने वाले वाहन मण्डोर होते हुए पावटा पर सवारिया उतार कर वाहन को सर्किट हाउस के पास आयकर विभाग की खाली जमीन पर पार्किगं करेगें।
    2. जयपुर रोड़ से आने वाले वाहन सारण नगर होते हुए आर्मी तिराहा पर सवारिया उतार कर वाहन को सर्किट हाउस के पास आयकर विभाग की खाली जमीन पर पार्किगं करेगें।
    3. पाली, बाड़मेर, जैसलमेर रोड़ से आने वाले वाहन रिक्तिया भैरूजी चौराहा, पांचबत्ती, सर्किट हाउस होते हुए उम्मेद क्लब मोड़ पर सवारिया उतार कर वाहन को राईका बाग रोड़ (पुराना मेड़ता बस स्टेण्ड) पर पार्किगं करेगें।
    4. शहरी क्षैत्र से आने वाले सिटीबस, कार/जीप, दुपहिया वाहन राजकीय उम्मेद स्टेडियम के बाहर वाली रोड़ पर स्टेडियम सिनेमा के सामने पार्किगं करेगें। यहां बड़ी बसों की पार्किगं नही होगी।

आमजन से अपील की जाती हैं कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

(विनीत कुमार बंसल)
पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय एवं यातायात
जोधपुर